**उल्टा पुल्टा**

सुरेश अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर डॉक्टर के पास गया।
डॉक्टर : बेटी यह चोट कैसे लगी?
सुरेश : डॉक्टर साहब ये मेरे से रोज लड़ती थी!
मैंने रोज लड़ने का कारण पूछा तो बोली : लड़ने से मोहब्बत बढ़ती है।
डॉक्टर : फिर क्या हुआ? सुरेश : फिर होता क्या,
मोहब्बत बढ़ाने के लिए मैंने भी जड़ दिए लात-घूंसे।

# दिल्ली को किया जाएगा कूड़ा मुक्त

## मेयर ने अमन विहार में अत्याधुनिक पुस्तकालय का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को दुनिया का सबसे साफ शहर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसी दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए निगम की आप सरकार ने किराड़ी में कूड़ा घर को हटाकर पुस्तकालय बनाया है। इसका उद्घाटन करने के बाद मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली को कूड़ा मुक्त किया जाएगा। दिल्ली में ढलावों को हटाकर हरियाली और शिक्षा व्यवस्था को बढावा दिया जाएगा। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने किराड़ी के वार्ड-41 स्थित अमन विहार में अत्याधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इसका निर्माण ढलाव घर को हटाकर किया गया है। यहां पर कूड़ा पड़ा रहने से क्षेत्रवासियों को काफी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब ढलाव को हटाकर 100 गज से अधिक क्षेत्रफल में लाइब्रेरी बनाई गई। इसे जल्द अब बहुमंजिला भी किया जाएगा। इस अवसर पर मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में साफ सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए ढलाव को हटाकर लाइब्रेरी बनाई गई है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल है। पहले



**निगम ने कूड़ा घर को हटाकर बनाया गया पुस्तकालय : शैली ओबरॉय**

यहां से निकलने वाले लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता था। कूड़ाघर ही यहां की पहचान बन गया था। लेकिन अब यह लाइब्रेरी क्षेत्र के लोगों की पहचान बनेगी। इसके? अलावा आसपास के बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलेगा। हम किराड़ी सहित पूरी दिल्ली को स्वच्छ बनाएंगे और बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा लाइब्रेरी का निर्माण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। यहां पर महंगी से महंगी किताबें उपलब्ध हैं, जिनको सामान्य घरों के बच्चे नहीं खरीद सकते थे। अब यहां बैठकर बच्चे एकांत में अपनी पढ़ाई कर सकते हैं क्षेत्र में लाइब्रेरी का निर्माण स्थानीय लोगों की जरूरत थी। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम शैक्षिक प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और जल्द ही भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में एमसीडी स्कूल प्रिंसिपलों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा। विधायक ऋतुराज गोविंद झा ने भारत के समृद्ध शैक्षिक इतिहास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 5वीं शताब्दी में नालंदा विश्वविद्यालय 9 लाख पुस्तकों के आश्चर्यजनक संग्रह विद्यमान था। इस अवसर पर पार्षद रविंद्र भारद्वाज, पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद रमेश प्रधान और पार्षद राजेश गुप्ता उपस्थित रहे।

### वातानुकूलित पुस्तकालय में 36 छात्र एकसाथ कर सकेंगे पढ़ाई

नए पुस्तकालय में एयर कंडीशनिंग, वाई-फाई कनेक्टिविटी, कंप्यूटर और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए व्यापक संग्रह सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां पर एक साथ 36 छात्र बैठकर पढ़ सकते हैं। अब जल्द ही लाइब्रेरी को बहुमंजिला किया जाएगा। इससे सैकड़ों छात्र एक साथ बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे।

## ई-रिक्शा में धमाके के बाद लगी आग, महिला की मौत

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में चलते ई-रिक्शा में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में ई-रिक्शा में बैठी तीन सवारी बुरी तरह झुलस गईं। गंभीर हालत में महिला ओमी देवी, इसके पति पुष्पराज और एक अन्य सवारी गौरव को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान ओमी देवी ने दम तोड़ दिया। नाजुक होने पर पुष्पराज को एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक हादसा ई-रिक्शा की बैटरी फटने की वजह से हुआ। हादसे के बाद पहले चालक मौके से फरार हुआ। बाद में वह घटना स्थल से अपना ई-रिक्शा भी ले गया। नंद नगरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चालक रतन लाल को मंडोली, हर्ष विहार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर जला हुआ ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया। ओमी देवी और पुष्पराज अपने परिवार के साथ गली नंबर-13, प्रताप नगर, मंडोली, हर्ष विहार में रहते थे। इनके परिवार में 14 साल का बेटा देव और 20 साल की बेटी तन्नू है। पुष्पराज का कूरियर का काम है। दंपती ने गंगा स्नान की योजना बनाई। बृहस्पतिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे दोनों घर से गढ़ गंगा जाने के लिए निकल गए। मंडोली चुंगी से दोनों शाहदरा जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुए। उसमें पहले से सबोली निवासी गौरव बैठा हुआ था। पीछे तीन सवारी और आगे चालक समेत चार लोग ई-रिक्शा में मौजूद थे। पुलिस को दिए बयान में गौरव ने बताया कि ई-रिक्शा से कुछ जलने की दुर्गंध आ रही थी। गौरव ने चालक का ध्यान भी दिलाने की कोशिश की, लेकिन उसने अनदेखा कर दिया।

## देश को एकजुट करने में मोदी ने अहम भूमिका निभाई : रामदास मलिक

### मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। इसी कड़ी में दिल्ली प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा के संयोजक रामदास मलिक आर डी.मलिक ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर हृदय से बधाई दी और कहा कि बिते 10 वर्षों में हम धर्म के प्रति सामग्रदृष्टिकोण में बड़े और स्पष्ट बदलाव होते देख रहे हैं भू राजनीति से लेकर हमारी विदेश नीति तक भारतीय बौद्ध के एकीकरण और हम पर जोर ने भारत का देखना वाले दुनिया के नजरिए पर जबरदस्त प्रभाव डाला है यह मान लेना अज्ञानता होगी कि इसके पीछे विविध पृष्ठभूमि से आने वाले 140 करोड़ भारतीयों के समर्थन वाले मजबूत और चित्र सरकार की कोई भूमिका नहीं रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आज भारत 21वीं सदी की सबसे जगराता अवस्था में है राष्ट्र की इस दिवता के पीछे जो प्रचुर आस्था है उसे बस राजनीतिक इच्छा शक्ति के रूप में देखना सताई होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गवर्नेंस के हर पहलू में बेहतर प्रदर्शन किया और भारत को आ ध्या त्मि क ता तकनीकी और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी लोकतंत्र बनाया। मानव उथान पथ सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आर डी मलिक ने कहा अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का जीवन द्वारा और उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण ने हमारे प्राचीन इतिहास के अहम पहलुओं को फिर से उजागर कर दिया है। जी-20 शिखर सम्मेलन की कामयाबी भी बता रही है कि भारत की संस्कृति विविधता और सभ्यता वैश्विक सत्र क्षेत्र में फिर से नया जीवन ले रही है।



## सार संक्षेप

### गणेश चतुर्थी पर सम्पूर्ण पूजा किट की पेश

**नई दिल्ली।** साइकिल प्योर अगरबत्ती ने इस साल गणेश चतुर्थी से पहले अपना सम्पूर्ण गणेश चतुर्थी पूजा किट लॉन्च किया है सम्पूर्ण पूजा किट एक व्यापक किट है, जिसमें गणेश चतुर्थी की सम्पूर्ण एवं पारंपरिक पूजा करने के लिए जरूरी सभी सामान मौजूद हैं। इससे श्रद्धालुओं के लिये समर्पण एवं भक्ति के साथ भगवान गणेश की पूजा करना और भी ज्यादा आसान एवं सुविधाजनक हो जाता है। साइकिल की सम्पूर्ण पूजा किट में विसर्जन के लिए गणेश जी की एक मूर्ति, हरिद्रा, कुमकुम, वस्त्र, पीठा, पूजा की एक घंटी, कप सम्ब्रानी, दिया, कनकना, एक चंदन टैबलेट और एक सम्पूर्ण पूजा विधि की एक गाइड मौजूद है, जो गणपति बप्पा की पूजा से संबंधित रीति-रिवाजों को निभाना आसान बना देता है। इस उत्पाद के बारे में बताते हुये, अर्जुन रंगा, मैनेजिंग डायरेक्टर, साइकिल प्योर अगरबत्ती ने कहा, साइकिल प्योर हमेशा से ही लोगों की आध्यात्मिक यात्रा का एक अभिन्न अंग रहा है और इस पावन त्योहार को मनाने वाले भक्तों को एक सम्पूर्ण एवं समृद्ध अनुभव प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। हम शुद्ध एवं उच्च गुणवत्तायुक्त सामग्रियां उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे ब्रांड के स्थायित्वपूर्ण लोकाचार के अनुरूप है।

### नरेला में तिहाड़ की चौथी जेल बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** नरेला में तिहाड़ की चौथी जेल के निर्माण को लेकर जेल प्रशासन की ओर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। रिपोर्ट को दिल्ली सरकार के गृह विभाग में भेजा गया है। जहां से रिपोर्ट का अंतिम रूप रेखा तैयार कर इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजा जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय से अनुमति मिलने के बाद जेल के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जेल के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के तीन जेलों तिहाड़, रोहिणी और मंडोली में फिलहाल क्षमता से दोगुना कैदी बंद है। जिसको देखते हुए राजधानी में एक और जेल के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया। सरकार की ओर से प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद जेल निर्माण को लेकर नरेला में जमीन आवंटित की गई। जेल प्रशासन के अनुसार जेल निर्माण में करीब 103 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। अधिकारी ने बताया कि इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपये केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर दी जाएगी, जबकि बाकी रकम दिल्ली सरकार की ओर से दी जाएगी। जेल का निर्माण जल्द से जल्द हो सके इसके लिए जेल प्रशासन की ओर से निर्माण से पहले की प्रक्रिया को पूरा करने में जुटा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नरेला में बनने वाला जेल दिल्ली का पहला हाई सिक्योरिटी जेल होगा।

### एआईपीएसीएमए ने जंतर मंतर पर किया धन्यवाद प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया प्री एंड पैरा क्लीनिकल मेडिकोज एसोसिएशन (एआईपीसीएमए) ने रविवार को जंतर मंतर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और स्वास्थ्य मंत्रालय का नए नियम जारी करने के लिए धन्यवाद प्रदर्शन का आयोजन किया। रविवार को यहां इस अवसर पर एआईपीसीएमए के इस धन्यवाद प्रदर्शन में देश भर के 16 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों से आए हुए 100 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान अंडर ग्रेजुएट मिनिमम स्टेंडर्ड रिक्वायरमेंट (यूजीएमएसआर) 2023 और योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) प्रस्ताव 2023 जारी करने को लेकर आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य चिकित्सक शिक्षकों की योग्यता निर्धारण नियमों के बारे में बताना है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आस डायग्नोस्टिक एन्ड रोहन मेहता की पुण्यतिथि की याद में आरडब्लूए रोहन मेहता वेस्ट चंद्र नगर की ओर से निशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन सी-35 ईस्ट चंद्र नगर दिल्ली में लगाया गया जिसमे आस डायग्नोस्टिक के द्वारा ईसीजी, ब्लड शुगर, हड्डियों की जांच, दांतों की जांच, आंखों की जांच शार्प साइट आई हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की गई इस कैंप में 100 लोगों ने अपने नि:शुल्क जांच करवाई इस कैंप में विधायक श्री एस के बग्गा, निगम पार्षद राजू साईं, पूर्व निगम पार्षद रमेश पंडित, मुकेश बग्गा, राजकुमार मल्होत्रा, मुकेश प्रसाद, शार्प आई सेंटर, हिना वाही, सुरेश कपूर, संदीप पोद्दार, विकास बग्गा, वरुण, राकेश मल्होत्रा, सीमा मेहता, वान्या मेहता ओर स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# केजरीवाल को निमंत्रण न देना दुखद : आतिशी

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो जिसके लिए केंद्र सरकार के साथ दिल्ली सरकार भी 50 प्रतिशत का फंड देती है। ऐसे में उसके नई लाइन के उद्घाटन में प्रधानमंत्री का अकेले जाना और दिल्ली के मुख्यमंत्री को न बुलाना दुर्भावना ग्रसित सोच को दर्शाता है। इस बाबत आप नेता व दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, डीएमआरसी जैसे संस्था के उद्घाटन के लिए जहां दिल्ली सरकार का पैसा भी लगा है, उसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री को नहीं बुलाना छोटी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि, भाजपा खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी और मोदी जी को दुनिया का सबसे बड़ा नेता मानती है ऐसे में जो व्यक्ति दुनिया के सबसे बड़े नेताओं में से है, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी की सरकार चला रहे है। वो सिर्फ दो किलोमीटर की मेट्रो लाइन के उद्घाटन के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को नहीं बुला सके। मोदी




- **मुख्यमंत्री को नई मेट्रो लाइन के उद्घाटन में न बुलाने पर साधा निशाना**
- **केंद्र व दिल्ली सरकार के समन्वय के साथ ही दिल्ली मेट्रो का शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हुआ**

सिर्फ भाजपा के नहीं पूरे देश के प्रधानमंत्री है, और ऐसे में जब मोदी मात्र दो किलोमीटर की मेट्रो लाइन के उद्घाटन के लिए भी अकेले जाते है तो ये प्रधानमंत्री पद की गरिमा को शोभा नहीं देता। आप नेता आतिशी ने कहा कि, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिल्ली मेट्रो के 2 किमी के एक लाइन का उद्घाटन किया। ये मेट्रो लाइन द्वारका सेक्टर-21 से यशोभूमि तक जाती है। और हमें इस बात का बेहद दुख है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली मेट्रो के इस लाइन के उद्घाटन के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुलाना भी ठीक नहीं समझा। जबकि दिल्ली मेट्रो, केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार का जॉइंट वेंचर है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से डीएमआरसी बना है उसमे आधा पैसा केंद्र सरकार का तो आधा पैसा दिल्ली सरकार का लगता है। केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के समन्वय के साथ ही दिल्ली मेट्रो जैसा शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर दिल्ली में खड़ा हुआ है। ऐसे में ये बहुत दुख की बात है कि मेट्रो लाइन के उद्घाटन में मुख्यमंत्री को नहीं बुलाया गया। आप नेता आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी जो ये कहती है कि हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। जी-20 सम्मेलन के बाद भाजपा के नेता ये कहते नहीं थकते की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता है। जो व्यक्ति दुनिया के सबसे बड़े नेताओं में से है, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी की सरकार चला रहे है। वो सिर्फ दो किलोमीटर की मेट्रो लाइन के उद्घाटन के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को नहीं बुला सके।

### मुख्यमंत्री को नहीं बुलना छोटी सोच को दर्शाता है

आतिशी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहना चाहूंगी कि, वो देश के प्रधानमंत्री है, उन्हें पार्टी से ऊपर उठना चाहिए, वे राज्य सरकारों के गॉर्डियन है सिर्फ़ भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं है। ऐसे में डीएमआरसी जैसे संस्था के उद्घाटन के लिए जहां दिल्ली सरकार का पैसा भी लगा है, उसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री को नहीं बुलाते तो ये बेहद छोटी सोच को दर्शाता है।

# आवारा कुत्तों को लेकर आप का रवैया उदासीन : राजा इकबाल

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल ने दिल्ली में बढ़ रहे कुत्तों के आतंक पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सत्ता आने के बाद यह समस्या और विकराल होती जा रही है और आम आदमी पार्टी का रवैया इस समस्या के समाधान को लेकर उदासीन है। राजा इकबाल ने कहा कि हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीर मुद्दा बताते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इस पर तत्काल उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खतरे का मुद्दा गंभीर और इस पर तत्काल उचित कार्रवाई करने की जरूरत है। नेता विपक्ष, राजा इकबाल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी सत्ता में आने से एक



और तो आम आदमी का जीना दूभर हो गया है, वहीं दूसरी ओर आवारा जानवरों, विशेषकर आवारा कुत्तों के लिए सरकार की ओर से कोई उपयोगी योजना नहीं है, जिसकी वजह से इस प्रकार की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। नेता विपक्ष ने कहा कि आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार इज़ाफा हो रहा है कि जोकि चिंता का विषय है, जिसकी वजह से आवारा कुत्तों के काटने के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं, आवारा कुत्तों के लिए निगम की ओर से जो भी प्रयास किया जा रहे हैं न नाकाफी है।

### प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस मनाया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राजा इकबाल सिंह ने सुबह निगम के सफाई सैनिकों के साथ मिलकर जन्म दिवस के अवसर पर केक काटा एवं सभी कर्मचारियों को लड्डुओं के साथ-साथ वस्त्र वितरण किया। इसी प्रकार अस्पताल में जाकर मरीजों एवं उनके साहयकों को फल आदि वितरित किए।

# 76वें वार्षिक संत समागम की सेवाओं का शुभारंभ

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी द्वारा 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की स्वैच्छिक सेवा का शुभारंभ संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष का वार्षिक निरंकारी संत समागम दिनांक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर, 2023 को आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर संत निरंकारी मण्डल कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य, केन्द्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य, सेवादल के अधिकारी, स्वयंसेवक तथा दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रो के अतिरिक्त अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने दिव्य युगल का स्वागत किया। सेवा के इस सुअवसर पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि सेवा




केवल तन से न होकर जब सच्चे मन से की जाती है तभी वह सार्थक कहलाती है। सेवा वही सर्वोत्तम होती है जो नि:स्वार्थ एवं निष्काम भाव से की जाये। सतगुरु माता ने सेवा भाव के महत्व को बताते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान का बोध होने के उपरांत ही हमारे अंतर्मन में 'नर सेवा, नारायण पूजा' का भाव उत्पन्न होता है, तब हम प्रत्येक मानव में इस निरंकार प्रभु का ही अक्स देखते है।

**आयोजन** *मानवी बंसल की पुस्तक का हुआ लोकापर्ण*

# छात्रों के करिअर चुनने में मददगार साबित होगी पुस्तक

**नई दिल्ली,17 सितम्बर (देशबन्धु)। किसी भी पैरेंट्स के लिए अपने बच्चे का करियर काफी मायने रखता है पर ज्यादातर पैरेंट्स इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लेते है और बच्चों पर बेवजह का दबाव बनाने लगते है। जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों का नेचुरल टैलेंट निखर नहीं पाता है और उन्हें वह सफलता नहीं मिल पाती है जिसके वो वाकई हकदार है। पैरेंट्स के लिए ऐसी कई महत्वपूर्ण बातें बताती करियर काउंसलर और ओवरसीज एडमिशन एक्सपर्ट, मानवी बंसल की बुक '7 टैरीबल करिअर सिलेक्शन मिस्टेक पैरेंट्स मेक का लांच 17 सितम्बर, रविवार को गुलमोहर हॉल, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया।**

करिअर सिलेक्शन मिस्टेक पैरेंट्स मेक का लांच 17 सितम्बर, रविवार को गुलमोहर हॉल, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया। बुक लॉन्चिंग के अवसर पर एक्टर, पॉलिटिशियन और सिंगर मनोज तिवारी, एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लिबरल एजुकेशन एंड लॉ के हेड शंकर मुरलीधरन और मशहूर लेखक, क्रिटिक और कॉलमनिस्ट अनीता वर्मा उपस्थित थे। समारोह में वास्तु कला एकेडमी के डीन प्रशांत सी बाजपेयी और वास्तु कला एकेडमी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर माधुरी बाजपेयी और डॉ.सुमन कुमार भी शामिल हुई इस अवसर पर बड़ी संख्या में पैरेंट्स भी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद, एक्टर, पॉलिटिशियन और सिंगर मनोज तिवारी ने कहा कि आज के समय में करियर को लेकर काफी सारे विकल्प मौजूद है। ऐसे में पैरेंट्स और बच्चों का एक ही विकल्प पर सहमत होना आसान नहीं है। ये बुक पैरेंट्स को नई जनरेशन के बच्चों के समझने व उनके पसंद और टैलेंट के अनुसार करिअर चुनने में मददगार साबित होगी। बुक की ऑथर मानवी बंसल को इस काम का काफी लम्बा अनुभव है ऐसे में ये बुक पैरेंट्स के लिए मददगार साबित होगी। इस अवसर पर मानवी ने बताया कि उन्होंने इस बुक में अपने 12 साल के करियर काउंसलिंग के अनुभव को नीचोड़ कर डालने का प्रयास किया है। इस दौरान उन्होंने 15 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स और उनके पैरेंट्स को करियर गाइडेंस देने के साथ सही डिसीजन तक पहुंचने में मदद की है। मानवी ने कहा कि ये बुक पैरेंट्स के लिए सिर्फ एक चेतावनी नहीं है-यह एक कोलैब्रेटिव और स्पोर्टिव एप्रोच का एक रोडमैप है जो पैरेंट्स को अपने बच्चों को सार्थक करियर के लिए कॉन्फीडेंस के साथ गाइड करने के लिए सक्षम बनाता है।




- **आज के समय में करियर को लेकर काफी सारे विकल्प मौजूद है : मनोज तिवारी**
- **पुस्तक में करियर काउंसलिंग के अनुभव को नीचोड़ कर डालने का किया गया प्रयास**

## राष्ट्रीय राजनीति की पाठशाला है दिल्ली विवि छात्र संघ चुनाव

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय न केवल देश का सबसे बड़ा केंद्रीय विश्वविद्यालय है, बल्कि यहां छात्र संघ व छात्र संघ चुनाव को राजनीति की पाठशाला भी माना जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) से राजनीति का सफर शुरू करने वाले अरुण जेटली, अजय माकन, विजय गोयल व सुभाष चोपड़ा जैसे नेता देश की राजनीति में बड़े मुकाम तक पहुंचे। एबीवीपी और फिर भाजपा के नेता रहे दिवंगत अरुण जेटली देश के जाने-माने वकील भी रहे हैं। वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। विभिन्न विधानसभा चुनाव के दौरान उनको प्रभारी भी बनाया जाता था। वहीं एनएसयूआई से डूसू अध्यक्ष बने कांग्रेस के अजय माकन भी लगभग इसी मुकाम पर हैं। वह विधायक बने, दिल्ली सरकार में मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, लोकसभा के दो बार सांसद बनने के दौरान केंद्र सरकार में मंत्री और कांग्रेस के महासचिव भी बन चुके हैं। भाजपा के ही विजय गोयल तीन बार लोकसभा व एक बार राज्यसभा सांसद रहने के साथ-साथ केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे। वो भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुके हैं। इसके अलावा भी कई कामयाब नेता जैसे विजय जौली, अमृता धवन, अलका लांबा, अनिल झा व रोहित चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ से राजनीति की सक्रिय शुरुआत की।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "यूपीकेएल में यूपी के स्थापित खिलाड़ियों के साथ-साथ नए और प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 60 मैच होंगे, जिनमें नोएडा निंजा, गंगा वारियर्स और बुंदेलखंड रॉयल्स समेत यूपी के आठ अलग-अलग क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों का गठन आईपीएल की तर्ज पर ही किया गया है : **संभव जैन, 1 एक्स स्पोर्ट्ज के फाउंडर**



## राज्यपाल नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन को किया सम्मानित

**नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। राज भवन में आनंदी बेन पटेल राज्यपाल (उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गत वर्ष टीबी से जूझ रहे 1400 बच्चों को गोद लेकर उनका इलाज एवं खाने पीने की संपूर्ण व्यवस्था करने के लिए विपिन मल्हन - अध्यक्ष (नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन) को सम्मानित किया एवं समाज के प्रति एसोसिएशन की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष श विपिन मल्हन ने कहा कि हमारी संस्था उद्यमियों की सबसे पुरानी संस्था है। जिसकी स्थापना 1978 में हुई थी, हमारी संस्था सदैव ही समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझती है।

आज जब इस कार्य के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित करने पर गर्व महसूस हो रहा है, इससे हमे हौसला मिलता है। हम सभी उद्यमी भाइयों की तरफ़ से महामहिम का धन्यवाद देते है। इस अवसर पर उनके साथ महासचिव बी के सेठ एवं सह कोषाध्यक्ष नीरू शर्मा राज्य भवन लखनऊ में उपस्थित रहे।

## स्वच्छता के लिए मिलकर कार्य करने होंगे तभी नम्बर 1 बनेगा गाजियाबाद : महापौर

■ हरी झंडी एवं तिरंगा रूपी गुब्बारे हवा में छोड़कर प्लाग फॉर रन कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**गाजियाबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगर निगम स्वच्छता के लिए हिंडन नदी पर प्लाग रन आयोजित किया। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी भी दौड़े। इसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल ने की एवं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित लगभग 650 वॉलिंटियर्स ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया।

विधायक अतुल गर्ग अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनके द्वारा प्लाग रन कार्यक्रम को हरी झंडी दी गई, तिरंगा रूपी गुब्बारे हवा में छोड़कर कार्यक्रम शुरू किया एवं स्वच्छता का संदेश दिया। महापौर सुनीता दयाल व विधायक अतुल गर्ग ने पलाग रन को हरी झंडी दिखाई।

रिपु दमन बेवली प्लाग रन एंबेसडर ऑफ़ इंडिया, पॉन्ड मैंन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर ने स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जन समूह के साथ हिंडन नदी तट की सफाई की तथा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सुनीता दयाल ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम शहर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए बहुत ही अधिक प्रयास कर रहा है जो की सराहनीय है। महापौर सुनीता दयाल तथा विधायक अतुल गर्ग ने इंडियन स्वच्छता लीग कार्यक्रम में जन समूह को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया साथ ही जन सहयोग से शहर की स्वच्छता और सुंदरता को और अधिक बेहतर किया जा सकता है इस प्रकार का संदेश देकर शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति मोटिवेट किया।

हिंडन नदी तट पर सफाई अभियान के तहत नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक ने अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश सिंह, अधिकारी डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी, पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद कविता चौधरी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव व कई सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास से बहुत जल्द भारत बनेगा विश्व गुरु : नरेंद्र कश्यप

**गाजियाबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बाइक रैली निकाली। साथ ही घंटाघर रामलीला मैदान में ओबीसी मोर्चा महानगर ने कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कुमार कश्यप एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह विधायक नोएडा उपस्थित रहे। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास से बहुत जल्द भारत विश्व गुरु बनेगा। सर्वप्रथम कार्यक्रम में मोदी की वर्चुअल बैठक को सभी देखा गया। जिसमें मोदी ने आज पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के पश्चात नरेंद्र कुमार कश्यप एवं पंकज सिंह ने पांच लोगों को सम्मानित किया जिसमें राजेंद्र विश्वकर्मा, विपिन प्रजापति, शाहिद धोबी, राजू नाई, मुकेश केवट सभी लोगों को अतिथि के द्वारा शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र कुमार कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि हम सब लोग धरती के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती मना रहे हैं साथ ही आज के नए भारत के शिल्पकार सृजनकर्ता मोदी जी का भी जन्मदिवस मनाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। आगे उन्होंने कहा कि आज बहुत ही प्रमुख महत्वपूर्ण दिन है एक तो भगवान विश्वकर्मा जयंती दूसरा नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस जिसके अवसर पर मोदी ने आज पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया जिसके तहत गरीब समाज के समुदाय को इस योजना से बहुत महत्वपूर्ण लाभ मिलने वाला है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ जयसवाल, प्रदेश मंत्री मुनीश योगी, बृजपाल तेवतिया, अशोक मोंगा, पवन गोयल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, अनिल स्वामी, मनोज यादव, इंद्र बजरंगी, सागर कश्यप, थान सिंह कश्यप, संदीप कश्यप, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, रवि भाटी, प्रियंक गुर्जर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।





## सार संक्षेप

### सिपाही का 500 घूस लेते वीडियो वायरल, निलंबित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिसकमिश्नरेट में पासपोर्ट वेरिफिकेशन को लेकर वसूली करने वाले सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद किया है। निलंबित सिपाही इन्दिरपुरम थाने की शिप्रा पुलिस पर तैनात हैड कांस्टेबल सचिन राघव है। सचिन राघव का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक शख्स से 500 रुपए की रिश्वत लेते हुए दिख रहा है। मामला संज्ञान में आने पर डीसीपी ने उसे निलंबित कर दिया गया है।




### कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



**नोएडा।** नोएडा उद्यमी व जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन के यहां विश्वकर्मा पूजा व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे व प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य रूप से विशाल जैन, गौरव जैन, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव मुकेश यादव, जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पूर्व सदस्य दिनेश आवाना, पूर्व अध्यक्ष नोएडा महानगर शहाबुद्दीन, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौतम आवाना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र अंबावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्येंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दयाशंकर पांडे, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग दानिश सैफी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता साकिर सैफी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्रजीत तिवारी, वीरो देवी, परवेज़, जीतू शर्मा, शाहरुख व अन्य लोग मौजूद रहे।

### उप्र उद्योग व्यापार मंडल का विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के तत्वाधान में आज विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि सांसद भोला सिंह सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डीके शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, नगर पालिका बुलंदशहर अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, नगर पालिका गुलावठी अध्यक्ष शैलेश तेवतिया रहे कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष अभिनव वर्मा एवं मयंक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक जिला अध्यक्ष सजल गर्ग, प्रदेश मंत्री गगन तायल, प्रदेश सचिव कैलाश चंद्र अग्रवाल, प्रदेश मंत्री डॉ नरेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष राकेश ठाकुर का विशेष योगदान रहा।



## यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. अरोड़ा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**गाजियाबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी, गाजियाबाद के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा को रविवार को लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा ट्यूबरक्लोसिस की सर्वाधिक किट टी बी के मरीजों को उपलब्ध कराकर प्रदेश में अव्वल रहने पर स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के अंतर्गत विगत एक वर्ष से से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा समुदाय को आगे आने और टीबी रोगियों एवं उनके परिवारों को अधिक पोषण, जांच और व्यवसायिक सहायता प्रदान करने और टीबी उन्मूलन आंदोलन में समुदाय में स्वामित्व की भावना पैदा करने के लिए मुहिम चलायी जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## आईपीएल की तर्ज पर आ रहा है 'उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग', नोएडा मीडिया क्लब में हुई घोषणा




■ उप्र कबड्डी लीग के आयोजकों का बड़ा ऐलान
■ आईपीएल की तरह होगा खिलाड़ियों का चयन
■ पहले सीजन में हिस्सा लेंगी यूपी की 8 टीमें, होंगे 60 मैच

**नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आईपीएल की तर्ज पर यूपी के युवा खिलाड़ियों को एक्सपोजर देने के लिए 'उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग' की शुरुआत की गई है। रविवार को नोएडा मीडिया क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यूपीकेएल के पदाधिकारियों ने इसकी घोषणा की। यूपीकेएल के रूप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए एक नया स्पोर्ट्स प्लेटफार्म खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत 1 एक्स स्पोर्ट्ज और यूपी कबड्डी एसोसिएशन के साझा आयोजन 'उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग' की घोषणा की गई है। 1 एक्स स्पोर्ट्ज के फाउंडर संभव जैन ने बताया कि यूपीकेएल में यूपी के स्थापित खिलाड़ियों के साथ-साथ नए और प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 60 मैच होंगे, जिनमें नोएडा निंजा, गंगा वारियर्स और बुंदेलखंड रॉयल्स समेत यूपी के आठ अलग-अलग क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों का गठन आईपीएल की तर्ज पर ही किया गया है और इनमें खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया भी तकरीबन वैसी ही होगी। कई टीमों में प्रो कबड्डी के खिलाड़ी भी ताल ठोकते नजर आएंगे। उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महा सचिव राजेश कुमार सिंह का कहना है कि यूपी जनसंख्या के लिहाज से एक बड़ा प्रदेश है और इससे विभिन्न खेलों के बहुत से खिलाड़ी निकले हुए हैं, लेकिन दूर दराज के गांवों और कस्बों में रहने वाले युवाओं को अवसर न मिल पाना एक बड़ी समस्या है। हमारी कोशिश होगी कि इस कमी को दूर किया जाए क्योंकि हमारा मकसद ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रमोट करना और उन्हें आगे बढ़ाना है। इससे खिलाड़ियों में मोटिवेशन बढ़ेगा और उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त होने का भी अवसर मिलेगा। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के जॉइन्ट सेक्रेटरी कुमार विजय सिंह, यूपीकेएल के ब्रांड अम्बेसडर और इंटरनेशनल कबड्डी एंड प्रो कबड्डी प्लेयर राहुल चौधरी ने भी पुरजोर तरीके से अपनी बात रखी और कबड्डी प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। 1 एक्स स्पोर्ट्ज के मार्केटिंग डायरेक्टर अमन सक्सेना ने कहा कि खिलाड़ियों के चयन का काम जोरों पर है, ब्रॉडकास्ट के लिए भी बात चल रही है साथ ही कब से इस कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत होगी तारीख की घोषणा भी जल्द करेंगे।

## श्री विजय रामलीला कमेटी पुराना विजय नगर गाजियाबाद का हुआ भूमि पूजन



**गाजियाबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विजय रामलीला कमेटी पुराना विजय नगर में रविवार को भूमि पूजन हुआ। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष लेखराज माहौर ने बताया कि श्री विजय रामलीला कमेटी पिछले 57 वर्षों से लगातार रामलीला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक रामलीला का आयोजन बहुत भव्यता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता का असर समाज में दिखाई देता है और दिन प्रतिदिन भारतीय संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। हम सब लोग रामलीला महोत्सव जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी संस्कृति को जिंदा रखे हुए हैं तथा भविष्य में अपने बच्चों को संस्कृति का ज्ञान देकर भारतीय संस्कृति को जिंदा रखने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम करने से एक दूसरे से मिलने का अवसर भी प्राप्त होता है।

इस अवसर पर विजय रामलीला कमेटी के महामंत्री शिवकुमार शिब्बू, संरक्षक जॉनसन मेसी गुड्डू, व अजय पाल, कोषाध्यक्ष सतीश प्रजापति व पवन माहौर, डायरेक्टर हेमराज माहौर, घनश्याम माहौर, झम्मन माहौर, शेर सिंह, विकास विक्की लेफ्टि, संदीप कुमार दीपा, प्रेमचंद पाल, सचिव असलम खान, राजेश ठाकुर, गुलजार सिंह कोरी, बलवीर सिंह बल्ली आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**जागरूकता** इंडियन स्वच्छता लीग के तहत निकाली साइक्लाथान

## ई-साइकिल चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**नोएडा, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडियन स्वच्छता लीग के तहत रविवार सुबह सात बजे सेक्टर-21-ए स्थित नोएडा स्टेडियम में जन भागीदारी बढ़ाने हेतु नोएडा प्राधिकरण की तरफ से साइक्लाथान का आयोजन किया गया। साइकिल रैली में ई-साइकिल का उपयोग किया गया। इसके जरिये ई-साइकिल चलाकर स्वच्छता का संदेश देने के साथ डीजल एवं पेट्रोल चलित वाहनों से होने वाले प्रदूषण एवं ई-साइकिल से पर्यावरण को होने वाले फायदों के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह, परियोजना अभियंता विजय रावल, गौरव बंसल शामिल हुए रहे।**

साथ ही नोएडा नाइट्स टीम कप्तान आरजे गिन्नी, चैलेंजर्स ग्रुप से प्रिंस गुप्ता, गाइडेड फार्च्यून समिति सदस्य एवं भारी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। इंडियन स्वच्छता लीग कार्यक्रम के अंतर्गत नोएडा के विभिन्न स्कूल में छात्र-छात्राओं के मध्य वेस्ट टू आर्ट कंप्टीशन कराया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा पुराने अखबार, टूटे खिलौने आदि जैसी चीजों से पेंटिंग व खिलौने आदि बनाए गए।

प्रतियोगिता के विजेताओं को जन स्वास्थ्य विभाग उपमहाप्रबंधक एसपी सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी सिंह ने लोगों को बताया गया कि नोएडा प्राधिकरण स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग कर रहा है। विगत कुछ वर्षों में नोएडा ने बेस्ट सस्टेनेबल सिटी, गार्बेज फ्री शहरों की रैंकिंग में फाइव स्टार रैंकिंग जैसी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नोएडा को पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की। आरजे गिन्नी ने सफाई कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करने के साथ सीवर की सफाई करने वाले सफाई मित्रों का अभिवादन किया। उन्होंने अनुरोध किया कि सफाई कार्य करते समय आवश्यक सावधानी बरतें व व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें। रविवार को ही सुबह सात बजे से ग्राम सदरपुर स्थित जल निकाय पर एक्वा रिवाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सदरपुर के जल निकाय का कायाकल्प किया गया। जलाशय को साफ कर एसटीपी से शोधित पानी का उपयोग किया गया। जिसस संसाधनों के पुन: उपयोग का प्रभाव उत्पन्न हो।



■ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा पुराने अखबार, टूटे खिलौने आदि जैसी चीजों से बनाए पेंटिंग व खिलौने




## आईआईए ग्रेनो चैप्टर की वार्षिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

■ गोष्ठी में उद्योग के लिए लीज होल्ड से फ्री होल्ड की मांग दादरी विधायक के सामने रखी
■ संगठन के पदाधिकारियों ने विगत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को किया प्रस्तुत

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने एजीएम का आयोजन रॉयल हैबिटेट सेंटर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईआईए के प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंघल ने मुख्य अथिति तेजपाल नगर, विधायक दादरी का स्वागत किया। राकेश बंसल ने नीरज सिंघल का, विषारद गौतम ने राजीव बंसल उपाध्यक्ष, आईआईए का स्वागत किया। सरबजीत ने मंचासीन पदाधिकारी का स्वागत का स्वागत किया।

गोष्ठी का संचालन मनोज ग्रोवर ने किया। सचिव सरबजीत सिंह ने पिछले वर्ष का कार्य अभिलेष भी एक पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। राकेश बंसल ने पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन सभी लोगों ने किया। जे.एस. राणा ने पिछले वर्ष के कार्यकाल के लिए सभी को धन्यवाद किया, कुछ विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जिसमें आईआईए सेंट्रल से ग्रेटर नोएडा चैप्टर को बेस्ट चैप्टर अवार्ड से सम्मानित किया जाना, यूपीआईएसडीए द्वारा सीएफसी भवन का जीर्णोधार आदि प्रमुख रहे।

अध्यक्ष नीरज सिंघल ने आपने संभाषण में विधायक दादरी तेजपाल नगर के समक्ष उद्योग के लिए लीज होल्ड से फ्री होल्ड की मांग रखी। विधायक ने इस मांग पर कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री से समय लेकर, अध्यक्ष के साथ इस बात को रखेंगे, इसके तकनीकी आर्थिक पहलुओं को नीरज सिंघल मुख्यमंत्री से समक्ष रखेंगे। राजीव बंसल ने पने संबोधन में सभी सदस्यों को आईआईए, ऑनलाइन की सभी सुविधाओं का उपयोग कर कैसे अपनी बात सेंट्रल के समक्ष रख सकते हैं, बताया एवं जो भी जानकारी सेंट्रल से गूगल फॉर्म पर मांगी जा रही है उसे प्राथमिकता मान कर सभी सदस्य साझा करें, जिससे की समुचित डाटा के साथ, शासन के समक्ष आईआईए सेंट्रल अपना पक्ष, पुरजोर तरीके से रख सकें। कार्यक्रम के स्पॉन्सर सिडबी व एपीएसी इंश्योरेन्स ने सिडबी और ऐप इंश्योरेंस कैसे एमएसएमई उद्यमी को व्यापार में मदद कर सकते हैं बताया।

इस दौरान आईआईए अध्यक्ष नीराज सिंहल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव बंसल, सीईसी राजीव सूद, डिविजनल चेयरमैन कुलदीप गोएल, आईआईए औद्योगिक पार्क चेयरमैन विशाराद गौतम, चैप्टर चेयरमैन राकेश बंसल, सचिव सर्व जीत सिंह, अश्वनी महेंद्र, ए.डी. पांडे, पंकज कुमार, सोहराब जामी, इदरीश खान, जेड रहमान, मुकेश अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

उवाच

आंकड़ों के साथ सामाजिक उद्यमशीलता के महत्व के बारे में बताया आज दुनिया सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है, जिसमें सामाजिक उद्यमशीलता के साथ ही प्राकृतिक संरक्षण करते हुए विकास की सतत प्रक्रिया को बनाए रखना संभव है।

**प्रोफेसर पॉला, पोलैंड**

# कैपिटल ज़ोन

## यीडा क्षेत्र में मल्टीपुल लैंडयूज के सेक्टर होंगे विकसित

**■ विदेशों की तर्ज पर भूतल पर बाजार और ऊपर आवास बनेंगे**

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में मल्टीपुल लैंडयूज के सेक्टर विकसित होंगे। इसमें भूतल पर बाजार होगा और ऊपर आवास बनाए जा सकेंगे। यमुना प्राधिकरण के बोर्ड ने मास्टर प्लान 2041 में इसका प्रावधान कर दिया है।

यमुना प्राधिकरण का मानना है कि विदेशों में मल्टीपुल लैंडयूज भू उपयोग है। सेक्टर में भूतल पर बाजार और ऊपरी मंजिल पर आवास बनाए जाएंगे। पूरा सेक्टर ही इसी तरह विकसित होगा। यहां रहने वाले लोगों को दूसरे बाजारों में जाने की जरूरत नहीं होगी। मास्टर प्लान में बहुउद्देश्यीय भू उपयोग में सबसे अधिक कामर्शियल भू उपयोग रखा गया है। इसके बाद आवासीय भू उपयोग रहेगा। ऐसे सेक्टर में सार्वजनिक सुविधाओं का भी इंतजाम किया जाएगा। मास्टर प्लान में इस तरह से सेक्टर को चार किमी लंबाई और दो किमी की चौड़ाई में बसाने की योजना है। इसमें कामर्शियल स्क्वायर, शॉपिंग प्लाजा, बिजनेस हब, फाइनेंसियल और इंडस्ट्रिलय क्लब भी होंगे। लोगों को अधिक से अधिक सुविधा दी जाएगी। जबकि ऊपरी हिस्से में आवास बनाए जाएंगे।

## मोटो जीपी रेस के छह बार के चैंपियन मार्क मार्केज बीआईसी पर धूम मचाने को तैयार





**■ टीम रेप्सोल होंडा राइडर ने कहा कि बीआईसी में टर्न 3 और टर्न 4 पर विशेष ध्यान देने की है जरुरत**

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छह बार के मोटोजीपी चैंपियन मार्क मार्केज मोटोजीपी भारत में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। टीम रेप्सोल होंडा के राइडर मार्क मार्केज ने कहा कि रेस जीतने के लिए बीआईसी का टर्न 3 और टर्न 4 बेहद महत्वपूर्ण होगा। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22 से 24 सितम्बर मोटोजीपी भारत रेस होगी। रेस से पहले रेप्सोल होंडा राइडर मार्क मार्केज ने बीआईसी ट्रैक के बारे में कई बातों का खुलासा किया है। भारत में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए राइडर्स को कई बातों को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सर्किट में कुछ प्राथमिकताएं ढूंढने का प्रयास करना होता है। सबसे अच्छी लाइन ढूंढना है और निश्चित रूप से लेआउट सीखना है। जब आप बाइक चला रहे हों तो ट्रैक पर पकड़ सीखने का प्रयास करें। मार्केज ने कहा कि इस रेस में फ्रांसेस्को बगानिया, मार्को बेजेची, ब्रैड बाइंडर, जैक मिलर और जॉर्ज मार्टिन जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल होंगे।

मार्केज ने खुलासा किया कि भारत की ऐतिहासिक ग्रांप्री जीतने के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का टर्न 3 और टर्न 4 बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि तीसरा मुख्य पहलू इलेक्ट्रॉनिक्स पर सही सेटअप के लिए स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने के लिए जितनी जल्दी हो सके टीम तक जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि उनके लिए ट्रैक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा टर्न 3 और टर्न 4 होगा। क्योंकि बाकी ट्रैक काफी रुक-रुक कर चलने वाला है।

## ड्रीम वैली निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का आरोपी जीएम एडमिन गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख थाने की पुलिस ने आम्रपाली ड्रीम वैली की निर्माणाधीन सोसायटी में लिफ्ट गिरने से आठ लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना में मुख्य आरोपी गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रा.लि. का नामजद आरोपी जीएम-एडमिन लवजीत कुमार को उसके निवास समृद्धि ग्राण्ड एवेन्यू सोसाइटी थाना बिसरख नोएडा से गिरफ्तार किया है। दरअसल 15 सितम्बर को आम्रपाली ड्रीम वेली प्रोजेक्ट में कन्सट्रक्शन साईट टेकजोन-4 में सी ब्लॉक के टावर नं. 12 पर 14वीं मंजिल से पैसेन्जर लिफ्ट गिर जाने के कारण चार लोगों की उसी दिन मौत हो गई थी, गंभीर रुप से घायल चार लोगों की दूसरे दिन मौत मौत गई। इस घटना की वजह से जिला प्रशासन की हाथ पैर फूल गए थे। पुलिस ने गिरधारी लाल कंस्ट्रक्शन के एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद विवेचना में जानकारी मिली की गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रालि. कंपनी का जीएम-एडमिन कामर्शियल के पद पर कार्यरत है तथा कंपनी के तरफ से साइनिंग अथॉरिटी भी है व टावर न. सी-11, सी-12 से सम्बन्धित सारी जिम्मेदारी उक्त गिरफ्तार व्यक्ति लवजीत कुमार की थी तथा लिफ्ट से सम्बन्धित सुरक्षा मानकों की जिम्मेदारी एडमिन-जीएम लवजीत कुमार की ही थी। बारिश होने के बाबजूद भी लिफ्ट का संचालन करवाते रहे, जिसमें जानबूझकर लापरवाही की गई है, जिसकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ है।

## सार संक्षेप

### जीबीयू के छात्र ओम शर्मा को 51 लाख पैकेज का मिला ऑफर



**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र ओम शर्मा को माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन से 51 लाख का प्री प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुआ। ओम शर्मा बीटेक आईटी के छात्र हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रविन्द्र कुमार सिन्हा एवं् कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने उन्हें बधाई एवं उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ओम शर्मा अलीगढ़ के निवासी हैं, उनके पिता संजीव कुमार शर्मा गणित के प्राध्यापक है। ओम शर्मा ने गुगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब की कार्यशाला व अन्य कई कार्यशालाओं का आयोजन कराया। ओम ने इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों को धन्यवाद दिया।

### जिम्स ने आयुष्मान भव योजना के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया कैंप



**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने रविवार को आयुष्मान भव योजना के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा में सभी 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विशेषज्ञ कैंप लगाकर लोगों की जॉच की ओर बीमारी के अनुसार उपचार किया। संस्थान से मेडिसिन, सर्जरी, अस्थि रोग, नेत्ररोग आदि विशेषज्ञो ने सभी सामुदायिक केन्द्र पर प्रतिभाग किया। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भव योजना की शुरुआत की गई है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जानी है। योजना के तहत राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा द्वारा भी ग्रेटर नोएडा के बिसरख, दादरी, डाढा, जेवर, भंगेल और बादलपुर सीएचसी पर कैम्प लगाकर सैंकड़ों लोगों की जॉच की गई।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी



**■ सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, निकलेगी जनचेतना वाईक रैली**

**■ प्रेस वार्ता में सांसद डॉ. महेश शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह हुए शामिल**

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पूरे जिले में भाजपा की तरफ से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर भाजपा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मना रही है। जिसको लेकर भाजपा ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, निर्वतमान जिलाध्यक्ष विजय भाटी, बिजेंद्र प्रमुख, नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य रवि जिन्दल कपिल गुर्जर आदि मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है, जिन्होंने देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया, देश को चन्द्रयान-3 अन्तरिक्ष में ज्ञान विज्ञान का युग हो या चाहे जी 20 का सफल ऐतिहासिक आयोजन हो देश एक अखंड भारत बनाने के लिए धारा 370 को हटाना देश आज बदल रहा है त्रिपुरा में हुए दो सीटों के उपचुनाव में जीत उनमें से एक मुस्लिम बहुल जिसमें मुस्लिम 63 प्रतिशत वोट वाली सीट पर जीत मोदी जी के किये जा रहे विकास कार्यों की जीत है हम उनके जन्मदिन पर दीर्घ आयु की कामना करते है। मयंक गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को भाजपा 15 दिन का सेवा पखवाडा के रूप मना रही है, जिसमें रक्तदान शिविर, कैम्प स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर, जन चेतना बाइक रैली जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड के विषय में घर-घर जाकर जागरूक करने का काम करेंगे। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि हम विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की करते हैं। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय कार्य को प्रधानमंत्री पूरा कर रहे हैं। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा चला कर देश के महानतम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन बूथ स्तर तक घर-घर सम्पर्क कर सेवा पखवाड़े के रूप मनाएंगे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सांसद व विधायक ने तीन करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास व उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दादरी विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों (सेवा पखवाड़ा) का आयोजन दादरी विधायक तेजपाल नागर की तरफ से किया गया, जिसमें गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा भी मौजूद रहे। रविवार को दादरी विधानसभा के ग्राम कुलेसरा में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगाया गया और कुलसेरा में ही भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना करके प्रधानमंत्री मोदी की लंबी आयु की कामना सांसद डॉक्टर महेश शर्मा एवं दादरी विधायक तेजपाल नागर द्वारा की गई।

दादरी विधानसभा में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ही 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। विधायक नागर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें दादरी सामुदायिक अस्पताल में फल वितरण भी किए गए और इसके साथ ही क्षेत्र में जनसंवाद भी किया गया। कार्यक्रम में विकास शर्मा, गोपाल पण्डित, पीतम सिंह, मिथलेश, अनुज शर्मा, मनोज चौहान, मनोज ठाकुर, डीएन त्यागी मौजूद रहे।

## तकनीकी की सहायता से ही समाज की हो सकती है तेजी से उन्नति : आशीरवोतम आचार्य





**■ लॉयड कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का सफल आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व आईआरएस अधिकारी, शिक्षाविद व राजनीतिक डॉ. आशीरवोतम आचार्य शामिल हुए। उन्होंने तकनीक के माध्यम से हो रहे सामाजिक परिवर्तन के बारे में बताया कि आज तकनीक के सहायता से ही समाज की उन्नति तेजी से हो सकती है। लाइट के निदेशक प्रो. राजीव अग्रवाल ने कांफ्रेंस के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि कुल 112 पेपर विभिन्न विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के द्वारा प्राप्त हुए थे, जिसमें 55 शोध पत्र स्वीकार किए गए हैं, जिसका प्रस्तुतीकरण छात्रों और शिक्षकों के द्वारा किया गया है। प्रोफेसर अग्रवाल ने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य है कि नवाचार और रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित किया जाए। इस कांफ्रेंस से जुड़े विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न विषयों में किए जा रहे नवीन कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त हुआ है। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर पॉला, प्रोफेसर इलोना, प्रोफेसर एकहीको, प्रोफेसर रामकुमार, प्रोफेसर सतीश कुमार सिंह प्रोफेसर एसएन सिंह मौजूद रहे। पोलैंड से आई प्रोफेसर पॉला ने सामाजिक उद्यमशीलता के विषय में जानकारी साझा किया, जिसमें उन्होंने आंकड़ों के साथ सामाजिक उद्यमशीलता के महत्व के बारे में बताया आज दुनिया सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है, जिसमें सामाजिक उद्यमशीलता के साथ ही प्राकृतिक संरक्षण करते हुए विकास की सतत प्रक्रिया को बनाए रखना संभव है। कॉन्फ्रेंस के आयोजक प्रोफेसर अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 500 की संख्या में शोधार्थी, विद्यार्थी, शिक्षक और विभिन्न उद्योग से जुड़े लोग शामिल हुए, कुल पांच ट्रैक बनाए गए थे, जिसमें विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स को सत्र चेयर बनाया गया था, जिनके समक्ष सभी स्वीकृत शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

## एनटीपीसी से प्रभावित किसानों का रेल रोको प्रदर्शन, पुलिस के साथ धक्का मुक्की



**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में एनटीपीसी से प्रभावित किसानों द्वारा बिसाहड़ा गांव के रेलवे फाटक पर एनटीपीसी की रेल रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास किया। किसानों ने पुलिस की बेरिकटिंग को तोड़ते हुए रेलवे पटरी तक पहुंच। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच काफी देकर धक्का मुक्की चली। रेल रोका कार्यक्रम पहले से तय था भारतीय किसान परिषद के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा के नेतृत्व में संयोजक वीर सिंह नागर, गवरी मुखिया, जगबीर नंबरदार, निरंकार प्रधान, रणपाल गुर्जर, सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव, अजय पाल, भाटी सतीश यादव, निशांत रावल, केशव रावल, भोजराज रावल, प्रेमवती, सरिता, सविता, पूनम, गीता एवं अन्य सैकड़ो लोग अपना समर्थन देने और भारतीय किसान परिषद के प्रदर्शन में हिस्सा लेने बिसाहडा गांव पहुंचे। जहां पर पुलिस द्वारा की गई बेरीकैटिंग को भारतीय किसान परिषद के साथ मिलकर किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने तोड़ते हुए रेल रोकने के लिए कूच किया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बातचीत का ऑफर देने पर बातचीत की गई जिसमें प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए एक महीने का वक्त मांगा गया है, धरने प्रदर्शन के दौरान किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने एकत्रित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी 31 साल पुराना प्रोजेक्ट है।

जिसके किसान आज भी 10 फीसदी आबादी प्लाट और 64 फीसदी अतिरिक्त मुआवजे की मांग करते चले आ रहे हैं पिछले 11 महीने से उनके धरने को चलाते हो गया परंतु प्रशासन और एनटीपीसी के अधिकारी किसानों के प्रति जरा भी संवेदनशील नहीं है, बिजली निर्माण की इतनी बड़ी कंपनी होने के बावजूद किसानों को वंचित किया जाना किसानों के साथ घोर अन्याय है किसान सभा सदैव एनटीपीसी के किसानों की लड़ाई में तन मन धन से साथ रहेगी।

## भारतीय संस्कृति का अभिनव संगम होगा जीबीयू में, जुटेंगे फिल्म कलाकार



**■ जीबीयू में आयोजित होगा शार्ट फिल्मोत्सव, पोस्टर हुआ लांच**

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रेरणा शोध संस्थान ने प्रेरणा विमर्श 2023 का पोस्टर लांच का आयोजन वाईएमसीए में किया। ग्रेटर नोएडा में जितने भी विश्वविद्यालयों और कालेज में जनसंचार की पढ़ाई होती है उनके विभागाध्यक्षों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गौतम बुध विश्वविद्यालय में 1 से 3 दिसम्बर 2023 तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपाशंकर ने विभागाध्यक्षों को आवाहन किया कि विद्यार्थियों को इस अवसर का उपयोग कर भविष्य के लिए सकारात्मक सिनेमा में अपना और अपने समाज का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि चित्रभारती फिल्मोत्सव के विजेता प्रतिभागियों को दो लाख रूपए नकद पुरस्कार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय चित्र साधना के संस्थापक सदस्य अरूण अरोड़ा ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति के वैश्विक प्रसार एवं प्रचार के लिए फिल्में बहुत ही उपयोगी, सशक्त और प्रभावी माध्यम हैं। पिछले लगभग दस वर्षों में फिल्मों की पटकथा से लेकर निर्देशन तक में बहुत परिवर्तन आया है। आपको बता दें कि तीन दिवसीय प्रेरणा विमर्श-2023 के एक चरण के रुप में प्रेरणा चित्रभारती फिल्मोत्सव का भी आयोजन होगा। इस प्रेरणा विमर्श-2023 के अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रेरणा चित्रभारती फिल्मोत्सव में कला एवं मीडिया के विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए इस प्रकार का प्रयास किया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म फिल्म निर्माण में अभिरूचि रखने वाले छात्रों के करियर को एक नई दिशा प्रदान करने में सहायक होगा। जीबीयू की डीन प्रो बन्दना पाण्डेय ने बताया कि फिल्मोत्सव में शामिल फिल्मों को तीन श्रेणियों में रखा गया है। जिनमें वृत्त चित्र, कथा फिल्में तथा डॉक्यू ड्रामा हैं। इन फिल्मों की अधिकतम अवधि 20 मिनट तक हो सकती है।

## निषाद पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र डाढ़ा ने कहा पार्टी को मजबूत करने का करेंगे काम**

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर(देशबन्धु)। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का मेरठ मंडलीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सरदार पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी रहे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक आम नागरिक राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर जागरूक नहीं होगा तब तक देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक राजनीतिक रूप से जागरूक हो पिछड़ों के हितों को निर्बल के हितों को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार योगी सरकार मिलकर काम कर रही है। निषाद समाज को उनके अधिकारों को दिया जा रहा है हम सब मिलकर राष्ट्रहित में भारत सरकार का समर्थन करें, मोदी जी के जन्मदिन पर मैं उन्हें बधाई देता हूं। इस मौके पर गुर्जर वीरेंद्र डाढा प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश निषाद पार्टी ने कहा कि हम गांव-गांव गली-गली जाकर आम आदमी को जागरूक करेंगे निषाद पार्टी भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी है, इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में मजबूती मिली है। इस मौके पर पूर्व मंत्री उदयवीर कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम निषाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार निषाद, पूरन कश्यप राष्ट्रीय सचिव आदि सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रादेशिकी

### मोदी के जन्मदिन को पंजाब में समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया

जालंधर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं जालंधर के पूर्व मेयर राकेश राठौर ने रविवार को कहा कि भाजपा ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को जन सेवा कर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर आज भाजपा की जिला इकाई (शहरी) द्वारा चारों विधानसभा क्षेत्रों में खूनदान शिविरों को आयोजन किया। श्री राठौर ने पूरे विश्व के सर्वप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी व ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की। उन्होने कहा कि मोदी ने ना सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी है बल्कि उस को चरितार्थ करके भी दिखाया है।

## मानसून सत्र में विपक्ष आपदा व राहत से जुड़े मुद्दों को उठाएगा

**शिमला,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल विधान सभा के मानसून सत्र में विपक्ष आपदा व राहत से जुड़े मुद्दों को उठाएगा। आपदा व राहत के मुद्दों को उठा कर विपक्ष सत्ता पक्ष को बैकफुट पर धकेलने की कोशिश करेगा। मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने यह बात कही। प्रदेश आपदा की चपेट में हैं। विपक्ष विधान सभा सत्र में आपदा और राहत के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रदेश को बहुत क्षति हुई है। लोगों के घर, दुका , फसलें, बाग़ान और खेत बुरी तरह बर्बाद हुए हैं। बहुत से लोगों की दु:खद मृत्यु भी हुई है। मानसून सत्र में आपदा प्रभावितों के राहत और पुनर्वास के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा की वजह से लोगों को आपदा राहत शिविरों में रहना पड़ा। सरकार समय पर सड़कें खोलने में नाकाम रही। सडकें बंद होने की वजह से किसानों, बाग़वानों का बहुत नुक़सान हुआ। फल और सब्जियां सड़ गयीं। कहा कि आपदा में अपना घर और ज़मीन खो चुके लोगों को सरकार घर के बदले घर और ज़मीन के बदले ज़मीन दे।

उन्होंने कहा किआपदा को आए भी दो महीनें से ज़्यादा का समय बीत चुका है लेकिन सरकार अभी तक पुनर्वास की दिशा में कोई कदम नहीं उठा पाई है। अभी तक आपदा प्रभावितों को देने के लिए ज़मीन भी चिन्हित नहीं की जा सकी है।



# नशा मुक्त हरियाणा बनाना सरकार का लक्ष्य: खट्टर

**सिरसा,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि 'नशा मुक्त हरियाणा' अभियान के लक्ष्य के साथ प्रदेश का दौरा कर रही साइक्लोथॉन को रविवार को सिरसा में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज की साइक्लोथॉन में जनभागीदारी ने वर्ष 2019 में आयोजित मैराथन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। श्री खट्टर ने कहा कि हरियाणा जिस प्रकार से ड्रग्स की गिरफ्त में फंसता चला जा रहा है, यह चिंता का विषय है और यह साइक्लोथॉन यात्रा जागरूकता पैदा करने में सार्थक साबित हो रही है।

उन्होंने करीब पांच किलोमीटर तक साइकिल चलाकर यात्रा में चल रहे लोगों का हौसला बढ़ाया। उनके साथ स्थानीय विधायक गोपाल कांडा, भाजपा नेता गोबिंद कांडा,उपायुक्त पार्थ गुप्ता,पुलिस अधीक्षक प्रशांत भूषण ने भी साइकिल चलाई। मुख्यमंत्री रविवार को सिरसा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम के मुख्य द्वार पर साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले यात्रा में भाग ले रहे प्रतिभागियों व आमजन को संबोधित कर रहे थे। इस यात्रा में स्कूलों, महाविद्यालयों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों से भाग ले रहे साइक्लिस्ट का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि एक सितंबर को करनाल से साइक्लोथॉन यात्रा शुरू की गई थी और यह अब तक 15 जिलों में ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश पहुंचा चुकी है और 25 सितंबर को यह यात्रा करनाल में सम्पन्न होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में जनभागीदारी का आंकड़ा अब तक दो लाख के पार हो चुका है। आने वाले दिनों में यह यात्रा फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, उकलाना, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर होते हुए करनाल में सम्पन्न होगी। मध्य प्रदेश में आयोजित की गई साइक्लोथॉन में भागीदारी करने वालों की अधिकतम संख्या 35 हजार तक थी। हरियाणा में चलाई जा रही साइक्लोथॉन यात्रा में तीन लाख लोगों की भागीदारी की संभावना है और यह विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है।



**हरियाणा जिस प्रकार से ड्रग्स की गिरफ्त में फंसता चला जा रहा है, यह चिंता का विषय है और यह साइक्लोथॉन यात्रा जागरूकता पैदा करने में सार्थक साबित हो रही : मनोहर लाल खट्टर**

### ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति होगी: खट्टर

सिरसा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने में सफाई कर्मियों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 10 हजार सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं और जल्द ही एक हजार नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। सफाई कर्मियों के कल्याणार्थ प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मियों की भलाई के लिए अनेक नई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री रविवार को सिरसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय विधायक गोपाल कांडा द्वारा आयोजित सफाईकर्मी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सफाई कर्मियों को विधायक गोपाल कांडा ने शॉल व पांच लाख की बीमा पॉलिसी प्रदान की।



## मोदी के जन्मदिन पर अनुराग ने रिपन अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**शिमला,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शुभकानायें दीं। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के शुभारंभ से पहले शिमला पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को रिपन अस्पताल में मरीजों का हाल-चाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि श्री मोदी ने जीवन के हर पल में भारत मां की सेवा की है। उनका हर क्षण राष्ट्र को आगे बढ़ाने में लगा है। श्री मोदी ने भारत को हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके जीवन से सभी को कुछ न कुछ सीखने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल में मरीजों का हाल जाना और फल वितरित किए। इस दौरान 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर विपक्ष के द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर श्री अनुराग ने पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस सनातन और संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगी हैं। 'वन नेशन वन इलेक्शन' के काफी लाभ है। इससे टैक्स देने वालों का पैसा और समय दोनों बचेगा। इससे कांग्रेस को किस बात की चिंता है। उन्होंने कहा कि शायद कांग्रेस के पास नेता नहीं है जो उन्हें जीता सके। यूपीए के भ्रष्ट चेहरो ने केवल चोला बदलने का काम किया है लेकिन इनका चाल चलन व चरित्र वही है। चार-चार बैठको के बाद भी यह अपना नेता नहीं चुन पाए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के पास न विजन है न विचारधारा।

**सार संक्षेप**

### हिमाचल में सर्पदंश से मौत मामलों में वृद्धि

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के जनपद में सर्पदंश से मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में दो अलग-अलग मामलों में 12 वर्षीय बालक व 60 वर्षीय वृद्ध की सर्पदंश से मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मामले में थाना अंब के तहत स्थोतर में 12 वर्षीय बालक की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरप्रीत सिंह पुत्र दलविंद्र सिंह निवासी स्थोत्तर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हरप्रीत सिंह निवासी स्थोत्तर शनिवार रात्रि को रोजाना की तरह घर में सोया हुआ था। रविवार तड़के हरप्रीत सिंह को सांप ने काट लिया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे मामले में थाना बंगाणा के तहत झिकला टांडा में 60 वर्षीय वृद्ध की सांप के काटने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान देवराज पुत्र नानक चंद निवासी झिकला टांडा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक देवराज निवासी झिकला टांडा शनिवार रात्रि घर पर था। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव का रविवार को क्षेत्रीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

### पहाड़ों की रानी मसूरी में लकड़ी से बने होटल में लगी आग, हुआ खाक

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में स्थित और दुनिया भर में पहाड़ों की रानी कहे जाने वाले मसूरी में रविवार सुबह एक प्राचीन होटल में आग लग गई। हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह कोतवाली मसूरी को 112 सिटी कंट्रोल रूम के माध्यम से कैमल बैक रोड़ स्थित सीड्स रिंग होटल में आग लगने की सूचना मिली। इस पर पुलिस, अग्निशमन दल के साथ आइटीबीपी की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यह होटल बहुत प्राचीन है, जो पूरी तरह लकड़ी से निर्मित है। घटना के समय होटल का मालिक भी वहां सो रहा था, जो आग लगने के बाद खिड़की तोड़कर बाहर निकला। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है क्योंकि यहां आजकल पुर्ननिर्माण कार्य चल रहा था।

### सुडोकू 6320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

## पीएम विश्वकर्मा योजना कौशल उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी: पुरी

**अमृतसर,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर रविवार को पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत की। यह योजना इन लोगों को ऋण सहायता प्रदान करने के साथ-साथ कौशल उन्नयन में भी मदद करेगी। अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में 'पीएम विश्वकर्मा' के लॉन्च के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ लोगों के कौशल को भी उन्नत करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए डा. जसपाल सिंह, कुलपति, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर ने पीएम विश्वकर्मा के लॉन्च के लिए माननीय मंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस योजना का शुभारंभ उन्हें दीन दयाल उपाध्याय कौशल योजना के शुभारंभ की याद दिलाता है। इस योजना का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा या अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले विश्वकर्माओं द्वारा पारंपरिक कौशल के परिवार-आधारित प्रथा को सुदृढ़ बनाना और पोषित करना है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। पीएम विश्वकर्मा को 13,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा।



# आबकारी विभाग की शराब माफिया और कर चोरी के विरूद्ध अभियान जारी

**शिमला,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के आयुक्त डॉ. युनुस ने आज यहां बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो में टीमों द्वारा अवैध शराब की बोतले जब्त की जा रही हैं तथा कच्ची शराब को भी नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में जिला बिलासपुर के श्री नैना देवी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा शराब की अवैध भट्टी लगाकर कशीदगी की जा रही थी। आबकारी विभाग के प्रवर्तन दल को मिली सूचना के आधार पर विभागीय टीम ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए इस क्षेत्र में पंहुच कर छापेमारी की। टीम द्वारा अवैध रूप से शराब के रूप में परिवर्तित की जा रही 1200 लीटर कच्ची लाहन को कब्जे में लिया गया जिसमें 200-200 लीटर के छ: ड्रम थे। विभाग ने इस शराब को आबकारी नियमानुसार मौके पर नष्ट किया एवं शराब की भट्टी को भी तोड़ दिया।

आबकारी आयुक्त ने बताया कि एक अवैध शराब कारोबारी को 10 लीटर लाहन के साथ पकड़ा और नियमानुसार आगामी करवाई की गई। प्रवर्तन दल द्वारा जिला ऊना के मैहतपुर में भी नाका लगाकर निरीक्षण के दौरान 24 बोतलें अंग्रेजी शराब एवं 46 बोतलें बीयर (चंडीगढ़ में बिक्री के लिए) जब्त कर आबकारी अधिनियम के अनुसार जुर्माना वसूला गया। जिला सिरमौर में भी टीम द्वारा 05 स्थानों में दबिश दी गई जिसमें टीम ने 53 बोतलें देसी शराब की जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत दोषी व्यक्ति के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि जिला ऊना एवं बद्दी में भी विभागीय अधिकारियों ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत शराब की दुकानों का निरीक्षण किया और नियमों की अवहेलना करने वाले अनुज्ञापियों के परिसर से 74 पेट्टी शराब को कब्जे में लिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (दक्षिण क्षेत्र) परवाणू द्वारा भी जोन के विभिन्न स्थानों में शराब की 121 बोतलें जब्त करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसा गया है। जिला शिमला में भी अधिकारियों द्वारा शिमला के रोहड़ू क्षेत्र में 75 लीटर लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।



उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध शराब और कर चोरी के विरूद्ध अभियान में सफलता मिल रही है। अधिकारियों द्वारा विगत कुछ समय में लगभग 3405 बोतलें कब्जे में लेकर नियमानुसार कारवाई की है। इसके अतिरिक्त कर चोरी के मामलों में भी विभाग ने 5.035 किलो ग्राम सोने के आभूषण एवं 14.236 किलो ग्राम चांदी को पकड़ा है और इन आभूषणों का मूल्य लगभग 2.96 करोड़ रुपए है। इस पर विभाग ने लगभग 18,09,080 का जुर्माना वसूल किया है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**देहरादून,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रविवार से प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसका विधिवत शुभारंभ सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय दून मेडिकल कालेज से किया। इसके साथ प्रदेश की समस्त 70 विधानसभा क्षेत्रों एवं तीन अन्य राजकीय मेडिकल कालेजों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

राजकीय दून मेडिकल कालेज में 'आयुष्मान भव' अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में 74 जगह रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 'आयुष्मान भव' अभियान आगामी दो अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में 10-10 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्वयंसेवी संस्थाएं, एनएसएस, रेडक्रॉस सोसाइटी, स्काउट-गाइड्स, रोवर-रेंजर्स के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, पंचायतीराज, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में रक्तदान के लिए दो लाख लोगों के पंजीयन का लक्ष्य है। इसके अलावा नेत्रदान, अंगदान, देहदान के लिये दस हजार लोग को शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अंगदान करने वालों के लिए सरकारी अस्पतालों में दधिचि वार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें विशेष कार्ड भी दिया जाएगा। कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आयुष्मान कार्ड व आभा आइडी पर भी विशेष फोकस है। प्रदेश में अब तक 58.65 लाख लोगों की आभा आइडी बनी है।

**प्रदेशभर में लगे रक्तदान शिविर**



**प्रधानमंत्री के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में 74 जगह रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 'आयुष्मान भव' अभियान आगामी दो अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा : डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री**

## डेरा सच्चा सौदा ने महापरोपकार माह पर जयपुर में दिखाई अपनी ताकत

**जयपुर,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा ने पावन महापरोपकार माह के अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में रविवार को सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया और अपनी एकजुटता दिखाई। माना जा रहा है कि डेरा सच्चा इस सत्संग के बहाने राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए शक्ति प्रदर्शन किया। डेरा सच्चा सौदा के मीडिया कोर्डिनेटर लखजीत सिंह के अनुसार राजस्थान में डेरा के बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हैं औरकरीब 57 लाख मतदाता ऐसे है जो डेरा से जुड़े हुए है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में चुनाव के समय ये मतदाता दो सौ विधानसभा सीटों में 97 विधानसभा क्षेत्रों में उनके मतदाता है और 60 सीटों को प्रभावित करते है। इनमें गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, सीकर चुरु, अलवर, दौसा, जयपुर, कोटा, बूंदी झालावाड़ आदि जिलों में डेरा के बड़ी संख्या में अनुयायी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शेखावाटी से लेकर श्रीगंगानगर तक क्षेत्र में डेरा सच्चा के अनुयायी ज्यादा होने से इन क्षेत्रों में जिस तरफ डेरा के मतदाताओं का झुकाव होता है वहां चुनाव परिणाम प्रभावित होने की संभावना होती है।



## प्रदेश में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को दिया जा रहा बढ़ावा

**शिमला,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश को कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नित नए नवाचारों को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रदेश सरकार की हिम उन्नति, मुख्यमंत्री कृषि संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण जैसी योजनाएं किसानों के सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करने का जरिया बन रही हैं। सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में कृषि विकास के लिए 607.47 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

हिमाचल प्रदेश की अधिकांश जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है और यह क्षेत्र लगभग 70 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों का लगभग 13.47 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश में 9.97 लाख किसान परिवार हैं तथा 9.44 लाख हैक्टेयर भूमि पर काश्त होती है। प्रदेश में 88.86 प्रतिशत किसान सीमान्त तथा लघु वर्ग के हैं जिनके द्वारा 55.93 भूमि पर खेती की जाती है। प्रदेश के 10.84 प्रतिशत किसान मध्यम श्रेणी से हैं और केवल 0.30 प्रतिशत किसान ही बड़े किसानों की श्रेणी में आते हैं। खाद्यान्नों के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में राज्य में 738.14 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में 1593.92 हजार मीट्रिक टन उत्पादन दर्ज किया गया है। अन्नदाता के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से नवोन्मेषी योजना हिम उन्नति क्रियान्वित की जा रही है। योजना के अंतर्गत क्षेत्र विशेष आधारित एकीकृत और समग्र कृषि को प्रदेश में बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में चिन्हित किए गए समूहों के लिए भौगोलिक परिस्थितियों, स्थानीय जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए शंकुल (क्लस्टर) तैयार किए जा रहे हैं।



**■ हिम उन्नति से सुनिश्चित होगी उन्नत कृषि की राह, प्रदेश में 1239 क्लस्टर की पहचान**

इस योजना के तहत कृषि और उससे सम्बन्धित क्षेत्र के समेकित विकास करने के लिए न्यूनतम 40 बीघा खेती योग्य क्षेत्र वाले 1239 शंकुलों की पहचान की गई है। इस योजना के तहत कुल 2600 क्लस्टर तैयार किए जाएंगे जिनमें कृषि विभाग द्वारा 1200, प्राकृतिक खेत इकाई के 1100 और जायका के 300 क्लस्टर तैयार किए जाएंगे। कृषि एवं सम्बंधित विभागों द्वारा पूर्व में चल रही योजनाओं का समन्वय कर, एकीकृत माध्यम से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

वर्तमान वित्त वर्ष में योजना के अन्तर्गत 25 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। हिम उन्नति के अंतर्गत अब तक 286 क्लस्टरों को चिन्हित किया गया है जिनमें से 186 क्लस्टरों में खरीफ 2023 सीजन से गतिविधियाँ शुरू कर दी गई है। फसलों की पैदावार बढ़ाने में उन्नत बीज महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा सरकारी फार्मों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 464 हेक्टेयर क्षेत्र के 36 विभागीय फार्म हैं। इन सरकारी फार्मो पर विभिन्न फसलों के लगभग 17 हजार क्विंटल आधार बीज का वार्षिक उत्पादन किया जाता है। यह प्रमाणित बीज राज्य के प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध करवाए जाते हैं। राज्य को गुणवत्तापूर्ण बीजों की दृष्टि से आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित करने और पड़ोसी राज्यों से बीज खरीद पर निर्भरता कम करने के मद्देनजर राज्य के सरकारी फार्मों के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2023-24 में इसके लिए 1.28 करोड़ रुपए आंवटित किए गए है।

## अबकी बार मुकुंदरा में चीते आबाद करने पर जोर

**कोटा,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिणी अफ्रीका से एक बार फिर चीते आयात करके भारत में बसाया जाने की संभावना के बीच राजस्थान में कोटा जिले के कोटा-झालावाड़ जिले में विस्तृत मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में चीते बसाने की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। ताजा मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण अफ्रीका से तीसरी खेप के रूप में संभवत जो चीते लाए जाएंगे, उन्हें मध्यप्रदेश में चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध के वन्यजीव अभयारण्य में छोड़े जाने का विचार है। पूर्व में भी दो बार दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाकर भारत में चीते बसाए गए थे लेकिन वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमियों के आरोप के अनुसार दोनों ही बार मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के चीते बसाने की दृष्टि से नैसर्गिक दावेदार होने के बावजूद केंद्र सरकार ने राजनीतिक आधार पर मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में यह चीते आबाद किए गए। कुल 20 चीते वहां आबाद किए गए थे जिनमें से नौ चीतों की अब तक मौत हो चुकी है। संभवत: दक्षिण अफ्रीका से तीसरी खेप के रूप में चीते आयात किए जाने की मीडिया रिपोर्ट के आधार पर सोशल मीडिया में भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने उठाए सवाल खड़ा करते हुए कहा कि- अफरीका से चीतों को आयात करना और उनमें से नौ को विदेशी भूमि में मरने की अनुमति देना न केवल क्रूरता है, बल्कि लापरवाही का भयावह प्रदर्शन है। हमें इन शानदार प्राणियों की पीड़ा में योगदान देने के बजाय अपनी लुप्तप्राय प्रजातियों और आवासों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# प्रादेशिकी

## प्रधानमंत्री के निर्देश पर अब राशन कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनेंगे

**फर्रुखाबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले से भाजपा सांसद एवं रेलवे संसदीय स्थाई सलाहकार समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अव राशन कार्ड के आधार पर,पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की योजना लॉन्च की है। राजपूत जिला मुख्यालय फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में विश्वकर्मा जयंती पर,आयुष्मान भव अभियान के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड योजना के तहत देश में 80 करोड लोग अब तक लाभान्वित हो चुके हैं और जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले दिनों प्रत्येक राशन कार्ड के आधार पर पात्र को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने कीयोजना लॉन्च की है। इस योजना में आयुष्मान कार्ड धारक को स्वास्थ्य की सभी सुविधाएं निशुल्क मिलेगी।

# विकास में बाधक बनने वालों को बेनकाब कर रही सरकार : योगी

**लखनऊ/गोरखपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार विकास, लोक कल्याण व बिना भेदभाव सभी लोगों तक योजनाओं

**■ मुख्यमंत्री ने दी 343 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं की सौगात**



**कानून संरक्षण के लिए सेंध लगाने की इजाजत किसी को नहीं : योगी आदित्यनाथ**

का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित और समर्पित है। सरकार के साथ यदि नागरिक भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे तो विकास कार्यों में बैरियर बनने वाले स्वत: बेनकाब होते दिखेंगे। विकास की परियोजनाओं में बैरियर बनने वालों को बेनकाब करने का काम सरकार भी तेजी से कर रही है। सीएम योगी रविवार को मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में 343 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकास व जनकल्याण के लिए सुदृढ़ कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कानून संरक्षण के लिए है लेकिन कानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाजत किसी को नहीं है। कानून सुरक्षा के लिए है लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़खानी की अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार यमराज कर रहे होंगे। विकास कार्यों को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता को दृष्टिकोण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी कार्यदायी संस्था हो, उसे मानक व गुणवत्ता के साथ विकास कार्य करने को प्रतिबद्ध होना होगा। योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से बेहतरीन झील गोरखपुर में है, रामगढ़ताल के रूप में। यह नई पहचान बनकर देश-दुनिया को आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विकास की एक नई सोच दे रहा है। आज जिस रामलीला मैदान में यह कार्यक्रम हो रहा है उस पर छह साल पहले कब्जा हो रहा था। आज इसका भव्य मंच अनेक कार्यक्रम का साक्षी बनता है। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर से 14 फ्लाइट की सुविधा है। ऐसा नहीं होता तो आज बारिश के चलते लखनऊ से यहां आना संभव नहीं हो पाता और कार्यक्रम कैंसिल करना पड़ता। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में बेसिक शिक्षा परिषद के सभी स्कूलों का जीडीए व नगर निगम के सहयोग से कायाकल्प कराया जा रहा है।

### विकास ही गोरखपुर व उत्तर प्रदेश की पहचान

योगी ने कहा कि आज विकास ही गोरखपुर और उत्तर प्रदेश की पहचान है। छह वर्ष पूर्व प्रदेश में गोरखपुर की और देश मे उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा क्या थी, पहचान क्या थी, विकास की क्या स्थिति थी, यह सबको पता है। मोदी के मगर्दर्शन में विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश और गोरखपुर ने विकास से अपनी नई पहचान बनाई है। आज उत्तर प्रदेश की पहचान देश में विकास, सुशासन और बेहतरीन कानून व्यवस्था की है। यहां दशकों से लंबित परियोजनाएं पूरी हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए बंद पड़े खाद कारखाना के स्थान पर नए कारखाना की स्थापना, एम्स आदि के साथ रामगढ़ताल के कायाकल्प का भी उल्लेख किया।

## किठौर थाने में चोरियों की घटनाओं का खुलासा

**मेरठ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्बा क्षेत्र के थाने अंतर्गत तीन चोरियां हो गई थी जिनका थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से माल बरामन्द कर खुलासा कर दिया है। थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र में प्रतीक चौधरी की बीयर की दुकान से 748 कैन बियर, इनवर्टर बैट्री, सीसीटीवी कैमरे लगभग दस हजार रूपये नगद आदि सामान चुराकर चोर ले गए थे वही कायस्थ बड्डा से शौकीन के घर से अज्ञात चोर एक जोड़ी एक तोले के सोने के कुंडल, चांदी का ताबीज, व कुछ रुपए चुरा कर ले गए थे वहीं कायस्थ बड्डा गांव से ही मुकममिल के घर सेअज्ञात चोर पांच हजार रूपये एक जोड़ी चांदी के पाजेब एक मोबाइल चुरा कर ले गए थे थाना पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए नहर राधना पुल से तीन लोगों को गिरफ्तार क्या है उनके निशान दही पर चोरी किया हुआ माल बरामद कर लिया है पकड़े गए तीन आरोपियों के नाम पुलिस ने अजय पुत्र मनोज कुमार , प्रिंस पुत्र ब्रह्म सिंह, कपिल पुत्र कुमार पाल निवासी खटकी थाना परीक्षितगढ़ बताए हैं तीनों को थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम व पुलिस कप्तानों को दी कड़ी हिदायत

**लखनऊ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जनसुनवाई समाधान प्रणाली, आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की अगस्त माह की टॉप और बॉटम 10 रैंकिंग मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई है। प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी के अलावा तहसीलों के कार्यों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ये लिस्ट तैयार हुई है। लिस्ट में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने कड़ी हिदायत देते हुए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि एक माह बाद दोबारा उन सभी के कार्यों की समीक्षा होगी, जिसमें खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के लिए कारगर बनेंगें तो उनका कार्यकाल भी यादगार बनेगा। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के कार्यों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 जिलाधिकारियों में क्रमशः अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्जापुर, हापुड़ और भदोही हैं। वहीं लिस्ट में बॉटम 10 में बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के जिलाधिकारियों के प्रदर्शन को सबसे खराब बताया गया है। जारी लिस्ट में प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ़, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रूखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं। इसी प्रकार बॉटम 10 में क्रमशः बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झांसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ़ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी हैं। लिस्ट में सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की तहसीलों को भी शामिल किया गया है। इसमें टॉप 10 में अलीगढ़ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ़ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील शामिल हैं। इसी प्रकार खराब प्रदर्शन वाली बॉटम 10 में क्रमशः रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊंचाहार तहसील शामिल हैं।

**■ मुख्यमंत्री के सामने पेश हुई उप्र के 10 सबसे अच्छे व सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों की सुची**

## सार संक्षेप

### मोदी के जन्म दिवस के साथ मनाई श्रीकृष्ण की छठी

**मवाना।** नगर की गुडमंडी स्थित शिव मंदिर में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण की छठी कार्यक्रम का आयोजन महिला कीर्तन मंडली श्री शिव मंदिर गुड मंडी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे हस्तिनापुर विधायक एवं जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक ने दरबार में ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री द्वारा पूजन करते हुए प्रधानमंत्री की लंबी आयु की प्रार्थना की, तथा उनको लंबे समय तक देश का प्रधानमंत्री बने रहने की कामना की। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हमारा देश लगातार तरक्की की ओर बढ़ रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी मात्र ऐसे प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने नौ वर्षों में देश को समस्त विश्व में अलग पहचान दिलाई। कार्यक्रम में सौरभ शर्मा, अभय गर्ग ,राजेश अग्रवाल, सुभाष गुर्जर,अपार गोयल, अजय अग्रवाल, गुंजन शर्मा, अनीता गुप्ता, रेखा उपाध्याय, सरल सैनी, अनीता अग्रवाल, अनीता रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### सम्राट मिहिर भोज यात्रा को लेकर चला मंथन

**मवाना।** सोमवार को नगर में सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर निकाली जाने वाली यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। गुर्जर व राजपूत दोनों के बीच मिहिर भोज को लेकर पहले से ही विवाद की स्थिति है। इसी के चलते सोमवार को नगर के बडा महादेव शिव मंदिर पर से यात्रा निकालने का गुर्जर समाज के युवाओं ने निर्णय लिया है। जिसकों लेकर पुलिस प्रशासन के बीच असंमज की स्थिति बनी हुई है। शोसल मिडिया पर यात्रा को लेकर मैसेज वायरल हो रहे है। उधर पुलिस ने अपनी तैयारी पुरी कर ली है। सोमवार को नगर में पुलिस बल तैनात रहेगा। यात्रा को लेकर रविवार को एसडीएम अखिलेश यादव, सीओ आशीष शर्मा ने राज्यमंत्री दिनेश खटीक के साथ वार्ता की ओर उसके बाद एसडीएम ने मामले को अफसरों के सज्ञांन में डाल दिया है। एसडीएम ने बताया केवल सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति पर हि माला अर्पण किया जाएगा यात्रा नहीं निकल जाएगी।

### खनन माफिया सचिन ठाकुर पर की गैंगेस्टर की कार्रवाई

**फर्रुखाबाद।** दारोगा से अभद्रता के मामले में जेल भेजे गए खनन माफिया सचिन ठाकुर व उसके आधा दर्जन गुर्गों के खिलाफ पुलिस व प्रशासन नें सख्त रुख अपना लिया है। लिहाजा खनन माफिया सचिन व उसके 6 गुर्गो के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही की गयी है। दरअसल बीते 20 अगस्त को आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह के साथ अभद्रता की गई है। अभद्रता करनें में खनन माफिया सचिन ठाकुर, अमित ठाकुर व उसके सथियों का वीडियो वायरल हुआ था। उसी मामले में सचिन व अमित के साथ ही मुकदमें में नामजद आरोपियों को पुलिस नें जेल भेज दिया था। शनिवार को कोतवाल फतेहगढ़ सचिन कुमार सिंह नें सचिन ठाकुर उर्फ आशीष प्रताप निवासी चिलसरा शमसाबाद, सर्वोतम पुत्र शिव सिंह निवासी डुंडीयापुर नवाबगंज, लालमन पुत्र हरीराम निवासी टिकुरियन नगला फर्रुखाबाद, गोविन्द पुत्र रामखिलाबन निवासी मंधना चौबेपुर कानपुर कमिश्नरेट, प्रदीप कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया।



## अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक आयोजित

**मेरठ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जाट आरक्षण की मांग को लेकर अखिल भारतीय जाट महासभा की एक बैठक आश्रय बैकंट हाल गंगा नगर मेरठ में आयोजित की गई। मीटिंग में भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कार्य क्रम की अध्यक्षता चौधरी सौदान सिंह ने की! कार्य क्रम का संचालन करते हुए ज़िला संयोजक सुधीर चौधरी ने आरक्षण की माँग को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की और 24 सितंबर को शगुन फार्म कंकरखेडा में होनेवाली सभा में केन्द्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण की बहाली हेतु विचार के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुँचे का आवाहन किया! सभा में नरेंद्र सिंह रजपूरा ज़िला जाट सभा मेरठ के ओमवीर सिंह राठी जितेंद्र सिंह धामा अशोक चौधरी सत्येन्द्र तोमर सत्येन्द्र चौधरी अरुण चौधरी प्रो डॉ.अभिषेक डबास, अशोक पंवार आर पी सिंह ध्रुव नारायण, सेवाराम डबास, वीरेंद्र डबास एडवोकेट आदि सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे सभा को लेकर लोगों में भारी उत्साह दिखायी दिया।

# करोड़ों से बनने वाली सड़क पर भरता है बारिश का पानी

**मवाना,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मेरठ पौड़ी हाईवे पर करीब 8.60 किमी का नवीनीकरण करीब 4.13 करोड़ रुपये से किया जा रहा है लेकिन हाईवे पर तीन स्थानों पर हल्की से बारिश होने पर जलभराव के हालात पैदा हो जाते है, जिस कारण करोड़ों की लागत से बनने वाला हाईवे टूट जाता है। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इस ओर से बेपरवाह बने हुए है। उधर मवाना हस्तिनापुर हाईवे पर करीब एक किमी. बनी सीसी रोड दूसरी बार टूटने लगी है। लोक निर्माण विभाग ने हाईवे पर जलभराव होने पर नगर पालिका मवाना और सीसी रोड दूसरी बार टूटने पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड मवाना क्षेत्र में मेरठ पौड़ी हाईवे पर करीब 8.60 किमी. का नवीनीकरण करा रहा है। हाईवे निर्माण के बीच में पिंजरापोल गौशाला, नगर में सीसी रोड से पहले और रोडवेज बस स्टैंड के सामने तीनों स्थानों पर हल्की वर्षा होने से जलभराव हो जाता है। इस जलभराव के चलते पहले से बनी सीसी रोड भी दूसरी बार टूटने लगी है। 19 नवम्बर 2021 से मवाना नगर व मवाना खुर्द में बनी सीसी रोड को अभी दो साल पूरे भी नहीं हुए है। मवाना नगर में एक बार मरम्मत के बाद दूसरी बार सीसी रोड टूटने लगी है।

मवाना के नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर इन तीनों स्थानों को ऊंचा करने और सीसी रोड की दोबारा से मरम्मत कराने की मांग की है। मेरठ लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संजीव कुमार बताते है कि इन तीनों स्थानों पर जलभराव होने की स्थिति की उन्हें जनकारी है। दस दिनों बाद मेरठ पौड़ी हाईवे पर निर्माण कार्य कराया जायेगा तो इन स्थानों को ऊंचा करने का प्रयास करेंगे।

**■ लोनिवि ने नगर पालिका मवाना और ठेकेदार को दिया नोटिस**

## विश्वकर्मा धाम परिसर में हवन व यज्ञ किया

**मवाना,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना नगर में रविवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मेरठ रोड स्थित विश्वकर्मा धाम परिसर में हवन व यज्ञ किया गया मुख्य यजमान कन्हैया विश्वकर्मा सपत्नीक बने। वेदपाल शास्त्री ने हवन पूजन संपन्न कराया। विश्वकर्मा धाम परिसर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का किया गया पाठ। भारतीय विश्वकर्मा ब्राह्मण संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर को पंचामृत से स्नान कराया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से हवन यज्ञ में प्रतिभाग लेकर पूर्णाहुति दी। सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की गई। श्रद्धालुओं व राहगीरों को प्रसाद बांटा गया। भगवान विश्वकर्मा धाम पर आयोजित हुए कार्यक्रम में रीता धीमान, कल्पना धीमान, मिथिलेश धीमान, गीता धीमान, विमल धीमान, ममता धीमान, बेबी धीमान, हिमानी धीमान, अर्शी, रितु धीमान, हरिओम मसूरी, सरदार सुखदेव सिंह, राजेश विश्वकर्मा, सत्येंद्र शर्मा, शंभू शरण, रामसिंह, विनोद कुमार, सुभाष कुमार, संजय धीमान, अमित शर्मा, कुलदीप विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



## लोकप्रिय आईवीएफ केंद्र की वर्षगांठ पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकप्रिय अस्पताल के आईवीएफ केंद्र के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभारती



विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र व लोकप्रिय आईवीएफ केंद्र की इंचार्ज डॉ. ईशा खनूजा ने किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने आईवीएफ केंद्र के पांच वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय अस्पताल विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा के साथ सेवा भाव से कार्य कर रहा है। लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ.रोहित रविन्द्र ने कहा कि हजारों दम्पती को सन्तान का सुख देने वाले लोकप्रिय आईवीएफ केंद्र मेरठ की धरती से देशभर के लोगो के जीवन में खुशियों के रंग भर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय अस्पताल में आईवीएफ तकनीक द्वारा निसंतान दम्पती को सन्तान का सुख प्रदान किया जा रहा है। आईवीएफ केंद्र की इंचार्ज डॉ.ईशा खनूजा में सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि लोकप्रिय अस्पताल में विश्व की आधुनिक तकनीक के सहयोग से दम्पतियों को सन्तान का सुख दिया जा रहा है। समारोह में मेरठ वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान किया गया। जिनमें प्रमुखता से डॉ. सुनिता सूरी, डॉ. कंचन मलिक, डॉ. कविता भाटिया, डॉ. मीनल गर्ग, डॉ. आरूषि सिंह,डॉ. अचर्ना गोयल, डॉ. नीरा सेठ, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. भारती जिन्दल, डॉ. कनिका सिंह एवं डॉ. अभिषेक राठी आदि को उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया। समारोह का संचालन प्रशासनिक अधिकारी डॉ. परमजीत रावत ने किया।

## विज्ञान के नए मॉडलों को किया प्रदर्शन

**मेरठ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागृति लाने के लिए एक शिक्षिका ने बच्चों और अन्य शिक्षिकाओं को जागरूक करने के लिए विज्ञान के नए चमत्कारिक मॉडल बनाकर उनके सामने प्रस्तुत किया इन मॉडलों को छात्राओं ने खूब सराहा। बताते चलें राजकीय कन्या इंटर कॉलेज किठौर शिक्षिका रेनू सिंह ने गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय लॉ कॉस्ट साइंस टीचिंग ऐड कार्यशाला में भाग लिया तथा विद्यालय में कार्यशाला में सिखाए गए कम लागत के विज्ञान मॉडल बनाकर शिक्षिकाओं तथा छात्रों के मध्य विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कम लागत में विज्ञान के मॉडल द्वारा छात्राओं को वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाना तथा छात्रों मे विज्ञान को स्वयं करके सीखने के लिए प्रेरित करना था।



## विश्वकर्मा की शोभायात्रा निकालकर वरिष्ठों व मेधावियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति के बैनर तले भगवान विश्वकर्माजी एवम् उनके पांचोंपुत्रोंमनु, मय, त्वष्ठा, शिल्पी, देवज्ञ की भव्य शोभा यात्रा अनंत होटल रेलवे रोड से पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा बैंड बाजा की धुनोंकेसाथ चौक, घूमना, लालगेट होते हुए बढ़पुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा का जगह जगह फूल वर्षा करके स्वागत किया गया। विश्वकर्मा मंदिर में पूजापाठ व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया, प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवम समाज के मेधावियों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, डा.अरविन्द गुप्ता, सचिन सिंह यादव ने प्रतीक चिन्ह देकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने बालों में ओमप्रकाश शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, चंद्रकिशोर शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, रघुनाथ शर्मा, वेदराम शर्मा, अजितेश शर्मा को प्रतीक चिन्ह, माला एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक मेधावियों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर महिला जिला अध्यक्ष बीना शर्मा, रवेन्द्र कुमार शर्मा, रामोतार शर्मा इंदू, सर्वेश कुमार शर्मा, रामपाल, इंद्रप्रकाश, आवेश कुमार, नरेशचंद्र, सत्यदेव, पंकज शर्मा सहित कई लोगो को सम्मानित किया गया।



**आयोजन** *वेंक्टेश्वरा में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित*

# दो सौ से अधिक कवि व साहित्यकारों ने की शिरकत

**मेरठ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी के 73वें जन्मदिवस पर तहत्तर किलो का केक काट गया। अमेरिका, फिजी, दुबई, वियतनाम, कनाडा समेत आठ देशो के कवियो एवं साहित्यकारों के साथ बहुत ही शानदार तरीके से जन्मदिवस मनाया। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस (सेवा पखवाड़ा) में गांव-गांव जाकर, निशुल्क उपचार, दवाईंया, फल एवं स्वास्थ्य किट वितरित करेंगे।

देश के विभिन्न हिस्सों से आए 200 से अधिक कवियों/साहित्यकारों के साथ दुनिया के अलग-अलग आठ देशों के एक दर्जन अंतरराष्ट्रीय कवियों एवं साहित्यकारों को मुख्य अतिथि मंत्री संजय गंगवार ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ शॉल, पटका पगडी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित। अंतरराष्ट्रीय कवि मधु चतुर्वेदी को उनके जन्मदिवस पर 'साहित्य शिरोमणि' सम्मान से नवाजा गया। आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं




अखिल भारतीय साहित्य परिषद व वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (आयुष्मान सेवा पखवाड़ा) के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों एवं साहित्यकारों के साथ एक दर्जन विदेशी साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के 73वें जन्मदिवस पर तेहत्तर किलो का केक काटकर शानदार तरीके से जन्मदिन मनाया गया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ.सीवी रमन सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं केक कटिंग सेरेमनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, चेयरमैन सुधीर गिरि, विधायक राजीव तरारा, अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार मधु चतुर्वेदी, अमेरिकी साहित्यकार पामेला ऐरिक, प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, मारीशस की एस चत्वा आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। सम्मानित हाने वाले साहित्यकार एवं आर्टिस्ट में डॉ. सोनरुपा विशाल, करूणा त्यागी, बबीता ढाका, यतीन्द्र कटारिया, मुस्कान शर्मा एवं अजय त्यागी आदि रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सोरन सिंह आदि मौजूद रहे।

**■ सेवा पखवाड़ा के चलते निशुल्क दवाईंया वितरित करेंगे वेंक्टेश्वरा के डाक्टर्स एवं मेडिकल स्टूडेन्टस : डॉ. सुधीर गिरि**

**■ प्रधानमंत्री युग प्रवर्तक एवं करिश्माई वैश्विक लीडर : संजय सिंह गंगवार**



## आयुष्मान मेले में 250 मरीजों को मिला लाभ

**मवाना,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सीएचसी पर आयोजित आयुष्मान मेले में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष से उद्घाटना किया। इस मौके पर अस्पताल पहुंचे 250 मराजों को आयुषमान सेवाओं को लाभ दिया गया। सीएचसी मवाना पर रविवार को आयुष्मान भाव कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अखिल कौशिक अध्यक्ष नगर पालिका मवाना के द्वारा किया गया। मेले का उद्देश्य का क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य लाभ दिलाना था। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार ने बताया की हर रविवार को सी एच सी मवाना पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मेडिकल कॉलेज मेरठ के विशेषज्ञ चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे।

